दिन– शुक्रवार

दिनांक– 01 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत आज निर्वाचन सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया। पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों की मानदेय राशि दोगुनी करने की घोषणा की। रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय भी दोगुना किया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल।

04. और, उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त।

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत निर्वाचन सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया है। मतदाता सूची की भौतिक और डिजिटल प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने आज पटना में इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। प्रारूप सूची के अनुसार राज्य में अभी सात करोड़ चौबीस लाख पांच हजार सात सौ छप्पन मतदाता हैं। पैंसठ लाख चौंसठ हजार से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। अभियान के दौरान बाईस लाख चौंतीस हजार मतदाता मृत पाये गए। जबकि छत्तीस लाख अट्ठाईस हजार से अधिक मतदाता स्थाई रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित हो गए। वहीं सात लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज पाये गए। सबसे अधिक पटना जिले में तीन लाख पंचानवे हजार पांच सौ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। वहीं, सबसे कम शेखपुरा जिले में छब्बीस हजार दो सौ छप्पन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता...

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल वोटर्स लिस्ट के प्रारूप पर एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। नब्बे हजार बूथ लेवल अधिकारियों को इस कार्य में लगाया गया है। आयोग ने कहा कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी

प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे। आयोग ने कहा कि पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारण से प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सका है, वे घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं, दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं से बीएलओ उनके घर जाकर आवेदन प्राप्त करेंगे। पच्चीस सितंबर तक दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न आवेदनों की जांच होगी और इनका निष्पादन कर लिया जायेगा। इसके बाद तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची के आधार पर ही राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

---

संसद के दोनों सदनों में आज भी बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर गतिरोध जारी रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों की मानदेय राशि दोगुनी करने की घोषणा की है। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से....

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि अब मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों को एक हजार छह सौ पचास रुपए की जगह तीन हजार तीन सौ रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। वहीं, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरी का मानदेय प्रतिमाह पांच हजार रुपए से बढ़ाकर दस हजार रुपए करने का निर्णय लिया गया है। श्री कुमार ने कहा कि शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों को अब प्रतिमाह आठ हजार रुपए की जगह सोलह हजार रुपए मानदेय मिलेगा। वहीं, इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि दो सौ रुपए के स्थान पर चार सौ रुपए करने का निर्णय लिया गया है। मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा का रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों ने स्वागत किया है।

———वॉक्सपॉप———

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि सरकार के इस फैसले से शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह और लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्री मोदी वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम से नौ करोड़ सत्तर लाख किसानों के बैंक खाते में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। बिहार के लगभग चौहत्तर लाख किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जाएगी। श्री चौहान ने देशभर के किसानों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

———बाइट———

इस अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इसके बाद श्री चौहान बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में किसानों के साथ संवाद करेंगे और परिसर में पौधारोपण करेंगे।

———————————————————————

राज्य में आज से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली की व्यवस्था प्रभावी हो गई है। ऊर्जा विभाग ने कहा है कि उपभोक्ताओं को जुलाई महीने के विपत्र से इसका लाभ मिलेगा। वहीं, स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट के बाद खपत हुई बिजली की राशि काट कर शेष राशि रिफंड कर दी जाएगी। अगस्त महीने से एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का बिल शून्य आएगा। इसके बाद की खपत पर उपभोक्ताओं को तय अनुदानित दर पर बिजली बिल का भुगतान करना होगा। सरकार के इस फैसले का एक करोड़ छियासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आयोग के अनुसार चुनाव नौ सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त होगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———रिपोर्ट——

पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वां उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव की अधिसूचना इस महीने की 7 तारीख को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 25 तारीख होगी। मतगणना 9 सितंबर को होगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना जिले में बहुत भारी बारिश हुई है। जिले के पंडारक में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, मुंगेर, बांका और नालंदा जिले में भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने आज खगड़िया, जमुई, मुंगेर, बांका, गया, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, भागलपुर, नवादा, नालंदा और पटना जिले में कुछ

स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

---बाइट---

---

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में पचास बार अपने बैंक खाते में जमा राशि देखने की सुविधा देगा।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों को यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून के दायरे में लाने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह मुद्दा संसद के अधिकार क्षेत्र में है।

---

शिवहर विधायक चेतन आनंद, उनकी पत्नी आयुषी सिंह और एम्स के चिकित्सकों के बीच हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में पटना एम्स के चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के कारण ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बाधित हुई हैं। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कहा है कि अस्पताल प्रशासन घटना की सार्वजनिक निंदा करे और परिसर में पर्याप्त तथा स्थाई सुरक्षा बल की तैनाती की जाए। इस बीच, चिकित्सकों की शिकायत पर फुलवारीशरीफ थाने में विधायक, उनकी पत्नी और उनके सुरक्षा कर्मियों के खिलाफएफआईआर दर्ज की गयी है।

---

राजगीर खेल परिसर में नौ और दस अगस्त एशिया रग्बी अंडर–ट्वेंटी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतियोगिता के शुभंकर–अशोका का अनावरण किया। इस अवसर पर  उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा रग्बी इंडिया के

अध्यक्ष राहुल बोस उपस्थित थे। बिहार में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में नौ देशों की सोलह पुरूष और महिला टीमें भाग लेगी। हर मैच में सात खिलाड़ी भाग लेंगे।

---

पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने आज बेतिया रेलवे स्टेशन के नये भवन का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य सरकार की मंत्री रेणु देवी भी उपस्थित थीं। स्टेशन के नये भवन पर चौवन करोड़ रुपये की लागत आएगी।

---

कटिहार जिले के मनिहारी के धुरयाही और सोनाखाल गांव में गंगा नदी के तेज कटाव से पांच घर नदी में समा गए। जिला प्रशासन ने मौके पर राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

---

अररिया जिले की एनपीडीएस अदालत ने गांजा तस्करी के एक मामले में एक दोषी को बारह वर्ष कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

मधेपुरा जिले के कुमारखंड प्रखंड के लक्ष्मीपुर चंडीस्थान पंचायत स्थित छर्रापट्टी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में टीन शेड वाले पुराने भवन की छत गिरने से आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों का स्थानीय अस्पताल में उपचार कराया गया।

---

जहानाबाद जिला अपना उनतालीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत आज निर्वाचन सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया। पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों की मानदेय राशि दोगुनी करने की घोषणा की। रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय भी दोगुना किया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल।

04. और, उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।